## सार-समाचार

### ई.ओ. ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**छबड़ा** (निसं)। पालिका ईओ ने मंगलवार को कस्बे की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मिली गंदगी पर कडी नाराजगी जाहिर करते हुए मौके पर सफाई इंस्पेक्टर को बुलाकर गंदगी हटवाई ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ईओ संदीप गहलोत ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को कस्बे में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके तहत राजकीय चिकित्सालय के पास पालिका द्वारा रखवाए कंटेनर के पास सड़क पर फैली गंदगी पर नाराजगी जताते हुए सफाई इंस्पेक्टर मदन मोहन भार्गव व संबधित जमादार को मौके पर बुलाकर वहां से गंदगी हटवाई और वहां रखा कंटेनर हटाया गया। उल्लेखनीय है कि इस स्थान पर मेडिकल स्टोर एवं राजकीय चिकित्सालय के सामने सहित आसपास संचालित हो रहे क्लिनिको का कचरा यहां डाला जाता है, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती थी। इसके साथ ही लम्बे अरसे से राजकीय चिकित्सालय की बाउंड्रीवाल के समीप की नाली की सफाई नहीं होने से नाली भी गंदगी से अटी पड़ी थी। जिसकी भी मौके पर सफाई करवाई तथा सफाई इंस्पेक्टर को सफाई व्यवस्था को सुदृढ किये जाने के निर्देश दिए।

### छात्राओं ने भ्रमण कर जानकारियां ली

**छबड़ा** (निसं)। बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल की कक्षा 9वीं एवं 10वीं ट्रेड आईटी की 70 छात्राओं ने राजकीय औद्योगिक संस्थान का भ्रमण किया, यहां छात्राओं द्वारा विभिन्न ट्रेड की कार्यशालाओं में पहुंच संबंधित ट्रेड की जानकारी ली व मंगलवार को ट्रेड हेल्थकेयर की 52 छात्राओं को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में भ्रमण करवाया। यहां वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी रामकरण शर्मा, डॉ. रेणु श्रीवास्तव व डॉ. प्रियंका यादव चिकित्सा अधिकारी द्वारा छात्राओं को आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली व पंचकर्म प्रकिया आदि जानकारी प्रदान। प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव द्वारा भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु आईटीआई संस्था से सहायक निदेशक मनोज कुमार वैष्णव, सिमल मीणा, मुकेश कुमार मीणा एवं दीपक वैष्णव तथा विद्यालय से पप्पुलाल सुमन, व्याख्याता सुनील दत्त भार्गव, सीमा खंडेलवाल वरिष्ठ अध्यापक, मुनव्वर सुल्ताना वरिष्ठ अध्यापक, अभिषेक योगी वरिष्ठ कम्प्युटर अनुदेशक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक देवेन्द्र कुमार नागर मौजूद थे।

### जिला क्रीडा परिषद् की बैठक हुई

**झालावाड़** (निसं)। जिला क्रीडा परिषद् की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों के साथ खेलों के विकास एवं प्रोत्साहन के संदर्भ में चर्चा की गई। इस दौरान जिला खेल अधिकारी द्वारा अवगत करवाया गया कि राजकीय खेल संकुल में सीवरेज लाइन डालने के पश्चात् मरम्मत कार्य करवाया जाना है जो नगर परिषद् द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त राजकीय खेल संकुल में विजया राजे सिंधिया की प्रतिमा लगवाने तथा जिला औषधी भण्डार द्वारा खेल संकुल में गोडाउन किराए से लेने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अनुसंधान सेल विजय कुमार, उपखण्ड अधिकारी झालावाड अभिषेक चारण, जिला खेल अधिकारी कृपाशंकर शर्मा, जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मोबाइल वेटेरीनरी यूनिट का लोकार्पण आज

**झालावाड़** (निसं)। मोबाइल वेटेरीनरी यूनिट कॉल सेन्टर 1962 का लोकार्पण 09 अक्टूबर को पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा जयपुर से प्रातः 11 बजे किया जाएगा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. टी.ए. बन्सोड ने बताया कि कॉल सेन्टर का शुभारम्भ होने से अब जिले के पशुपालक अपने बीमार पशुओं की चिकित्सा 1962 नम्बर पर कॉल कर घर बैठे निःशुल्क चिकित्सा करवा सकते हैं। जिससे पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं को चिकित्सा करवाने हेतु अन्यत्र स्थान पर नहीं ले जाना पडेगा। पशुओं को घर बैठे निःशुल्क चिकित्सा प्राप्त होने के कारण पशुपालकों को आर्थिक सम्बल मिलेगा एवं समय की बचत होगी। 09 अक्टूबर 2024 से जिले के प्रत्येक ब्लॉक में मोबाईल वेटेरीनरी वाहन 1962 कॉल सेन्टर की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

### 'विकास के लिए 115 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति'

**छबड़ा** (निसं)। विधायक व पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी के अथक प्रयासों से बजट घोषणानुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग ने छबड़ा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो हेतु 115 करोड रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। उन्होंने बताया कि सहजनपुर में अंधेरी नदी स्थित बालाजीघटा पर पुलिया निर्माण कार्य के लिए 08 करोड, छीपाबडौद से गूगोर वाया छबडा सड़क निर्माण के लिए 25 करोड, हरनावदाशाहजी से छीपाबडौद सडक के लिए 40 करोड और छबड़ा-कुंभराज सड़क का चौडाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 42 करोड की सार्वजनिक निर्माण विभाग ने वित्तीय स्वीकृति जारी की है। क्षेत्र में इन निर्माण कार्यों से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**रामगंजमंडी** (निसं)। आज बुधवार को 132 केवी जीएसएस मायला पर प्रसारण निगम द्वारा आवश्यक रख रखाव कार्य किया जायेगा।जिस कारण 33केवी लाइन जुल्मी एवम कुदायला की विद्युत आपूर्ति सुबह 09 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी।उक्त जानकारी देते हुए ज्वाला कुमार वर्मा सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ने बताया कि ऐसे में कुंभकोट लखारिया एएसआई एवम कुदायला पॉवर हाऊस से जुड़े समस्त फीडर जैसे जुल्मी गादिया अमृतखेड़ी कुंभकोट मायला कुदायला ग्रामीण एवं इंडस्ट्रीज फिडर नंबर 1, 2, 3, 4,5 6, 7, 10, 11,12,14, की विद्युत आपूर्ति सुबह 09 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी।

### पुण्यतिथि पर फल और बिस्किट बांटे

**छबड़ा** (निसं)। छात्र संघ रहे अध्यक्ष विकास चतुर्वेदी की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके छोटे भाई विजय चतुर्वेदी के नेतृत्व में छात्र नेता आकाश मीणा, मनीष शर्मा, अंकित शर्मा, मोरसिंह गुर्जर, रवि शर्मा, अजय गालव, रोहित माचल, डालचंद गुर्जर, रोशन भड़ाना, प्रदीप भार्गव, दीपक शर्मा, नरेद्र साहू, अमित गुर्जर, जगमोहन गुर्जर,भानू बना, नितेश, गुर्जर, धनराज, घनश्याम, रामेश्वर मीणा, रंजीत, राजेश आदि ने राजकीय चिकित्सालय में मरीजों व उनके परिजनों को फल और बिस्किट वितरित किए।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू

**छबड़ा** (निसं)। उच्च प्राथमिक विद्यालय गेंहूखेड़ी में बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए विद्यालय स्तर पर रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण चल रहा है, जो 18 अक्टूबर जारी रहेगा। यहां शिक्षिका ज्योति मीना बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखा रही है और साथ ही उन्हें शारीरिक रूप से समृद्ध बना रही है। प्रभारी राजमल गुर्जर ने भी बालिकाओं को रानी लक्ष्मी बाई की जीवनी से संबंधित कहानियों से अवगत करवाया और आत्मरक्षा से होने वाले लाभों को बताया तथा बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया।

### गरबा का भव्य आयोजन हुआ

**छीपाबड़ौद** (निसं)। त्रिवेणी धाम समेल नानादेवी मातेश्वरी मंदिर परिसर नवरात्रा पर पंचमी के दिन चौरसिया समाज महिला मंडल द्वारा डांडिया और गरबा का भव्य आयोजन जिसमें समाज की समस्त महिला एवं बालिकाओं ने सपरिवार भाग लिया मीडिया प्रभारी हरिमोहन चौरसिया ने बताया कि इस दौरान सविता, सोनम,छाया, विद्या ,रानी, अनिता, अर्चना, गुड्डी, रेखा, कृष्णा, मंजू, रानू ,हेमलता एवं अनिता चौरसिया सहित समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

### जिला स्तर पर हैल्पडेस्क का गठन

**रावतभाटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत किसानों को उनके पी.एम. किसान योजनान्तर्गत वर्तमान स्टेटस की जानकारी एवं सामान्य दुविधाओं के निवारण एवं सहायता हेतु जिला स्तर पर हैल्पडेस्क का गठन किया गया हैं। प्रबन्ध निदेशक एवं जिला नोडल अधिकारी (पी.एम. किसान) अनिमेष पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि हेल्पडेस्क का नम्बर. 01472-241272 हैं। किसान बैंकिंग दिवसों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के मध्य हेल्पडेस्क नम्बर पर बात कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन में जिले से रोल मॉडल तैयार करें : जिला कलेक्टर

- सभी पी.एच.सी. पर संस्थागत प्रसव आरम्भ करने हेतु पाबन्द किया



जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई।

**झालावाड़** (निसं)। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजन प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय कॉन्फ्रेन्स हॉल में किया गया। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी व पीएचसी के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक के प्रारम्भ में टोबेको फ्री युथ कैम्पेन 2.0 के अन्तर्गत जिला कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारीयों के द्वारा कैम्पेन के लिए बनाए गये सन बोर्ड का विमोचन किया। साथ ही तम्बाकू निषेध शपथ उपस्थित सभी को दिलवाई। जिला कलेक्टर ने निदेशालय के निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए धरातल पर गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश प्रदान किये। गतिविधियों में आमजन की सहभागिता बढाने के लिए आमजन में से ही रोल मॉडल तैयार करने के निर्देश प्रदान किये। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने हेतु सभी संस्था प्रभारियों को पाबन्द किया। जिन भी संस्थानों पर आवश्यक सामग्री की कमी है उन्हे पहले से ही मंगवाकर रखे। जिससे आमजन को संसथानों पर चिकित्सा सुविधा निरन्तर रुप से मिलती रहे। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्दों पर संस्थागत प्रसव करवाना आरम्भ करें। जिन संस्थाओं पर प्रसव नही होते है वहां के प्रभारी व सम्बन्धित बीसीएमओ को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देवे। सभी ब्लॉक पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एक पीएचसी जो कम उपलब्धि वाली है को गोद लेकर कार्य करे तथा बीसीएमओ दो घण्टे ओपीडी में रोगियों को देखे।

सभी एएनएम को मुख्यालय पर रहने हेतु पाबन्द किया गया साथ ही उनका हाउस रेन्ट का डिडक्शन करने हेतु बीसीएमओ को पाबन्द किया। सभी सबसेन्टर के कार्मिकों की एबसेन्ट सर्टीफिकेट सम्बन्धित चिकित्सा प्रभारी से प्रमाणित करवाकर ही भिजवाएं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बैठक में सभी सीएचसी व पीएचसी पर सैक्टर बैठक के आयोजन करने से पहले बैठक का एजेन्डा जिला स्तर पर भिजवाने के निर्देश प्रदान किये। मौसमी बीमासरीयों के नियंत्रण के लिए सभी संस्थानों पर रेपिड रेस्पोन्स टीम का गठन करें जिसका नोडल अधिकारी संस्थान के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को बनाएं। दैनिक रुप से एन्टी लार्वल व एन्टी एडल्ट गतिविधियों का आयोजन करे ताकि क्षैत्र में मौसमी बीमारीयों का प्रकोप न फैले। बैठक में एनसीडी कार्यक्रम, मॉ वाउचर योजना, मुख्मंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर, आभा आईडी, परिवार कल्याण कार्यक्रम, फिक्स डे कैम्प, पीपीआईयूसीडी, एनिमिया मुक्त राजस्थान, एनक्यूएएस, काया कल्प, निःशुल्क दवा व जांच योजना एवं अन्य भारत व राजस्थान सरकार की योजनाओं पर विस्तापूर्वक चर्चा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना पूर्णरुप से करते हुए जिले में बेहतर चिकित्सा सेवाओं की आमजन तक पहुंच बनाने के लिए विभाग टीम रुप में कार्य करेगा।

## कारोबारी एवं शिक्षा ऋण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर

**बून्दी** (निसं)। जिला अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में अल्पसंख्यक समुदाय को कारोबारी, शिक्षा ऋण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी त्रिलोक चन्द मीणा ने बताया कि आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 14 अक्टूबर निर्धारित की गई है। सभी इच्छुक आवेदक अपना आवेदन मिलन सॉफ्टवेयर के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ 14 अक्टूबर तक बूंदी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कार्यालय में सबमिट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया आवेदन के लिए गारंटी जो की सरकारी कर्मचारी या आयकर दाता हो, वर्तमान निर्वाचित जनप्रतिनिधि, स्थाई निवास का प्रमाण पत्र जैसे मूल निवास, मतदाता पहचान पत्र, अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, कोटेशन या नियमानुसार कार्य का प्रशिक्षण या अनुभव की प्रति, बीपीएल कार्ड की प्रति, वार्षिक आय, बैंक खाते की प्रति, आयु संबंधी दस्तावेज आदि दस्तावेज ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। ताकि ऋण स्वीकृति की आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की

- बून्दी आगमन पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्य कुमार का अभिनन्दन किया
- 'राजस्थान राज्य में निर्धारित नियम एवं सीमाओं का विश्लेषण कर राष्ट्रीय आयोग से इनको स्वीकृत कराकर बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा'

**बून्दी** (निसं)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य और राज्यमंत्री धन्य कुमार के बूंदी आगमन पर अल्पसंख्यक समाज के लोगों द्वारा आदित्य भंडारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक होअल में स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस दौरान आयोग के सदस्य धन्य कुमार के साथ अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए शिक्षा में दिए जा रहे ऋण की सीमा को बढाने, उद्योग धंधों में देय ऋण की वर्तमान लिमिट को बढाकर अन्य राज्य की भाँति 30 लाख तक बढाने सहित पढो परदेश योजना में मिलने वाले लोन की राशि को 50 लाख तक करने की माँग की।

जानकारी देते हुए महेश जैन ने बताया कि इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय से जुडी अन्य कई योजनाओं का लाभ दिलवाने हेतु अल्पसंख्यक अधिकारी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर निचले तबके तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाने तथा उनके सुदृढ क्रियान्वयन की मांग भी अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्य कुमार से की गई।

सभी को आश्वस्त करते हुए आयोग के सदस्य धन्य कुमार ने बहा कि राजस्थान राज्य में निर्धारित नियम एवं सीमाएं का विश्लेषण कर राष्ट्रीय आयोग से इनको स्वीकृत कराकर बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इन्होंने बून्दी के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी लेते हुए दोबारा बून्दी आने की इच्छा जाहिर की। इस मौके पर अशोक भंडारी, इरे के अध्यक्ष महेश पटौदी, महिला अध्यक्ष अनीता हारसोरा, प्रदीप हरसोरा, प्रकाश महात्मा, नरोतम जैन, शिल्पी जैन, दिनेश जैन, संजय जैन, डॉ. जूनेद अख्तर, पूर्व सभापति हिना अगवान, वैश्य समाज के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद मंत्री, सिख समाज से सुखजिंदर सिंह, प्रदीप चंदवानी भी मौजूद रहे।

## मतदान केन्द्रों के पुर्नगठन के संबंध में बैठक आयोजित

**झालावाड़** (निसं)। जिले में मतदान केन्द्रों के पुर्नगठन के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में मंगलवार को मिनी सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 1131 है। उन्होंने बताया कि 1500 से अधिक मतदाता होने की स्थिति में 7 मतदान केन्द्रों तथा 900 से अधिक जनसंख्या वाले राजस्व ग्रामों में जहां मतदान केन्द्र स्थित नहीं है वहां 1 नवसृजित मतदान केन्द्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भिजवाए जा रहे हैं।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण आमेटा ने बताया कि उक्त प्रस्ताव स्वीकृत होने पर जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 1139 हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र डग, झालरापाटन व मनोहरथाना में 2-2 तथा खानपुर में एक 1500 से अधिक मतदाता होने तथा एक नवसृजित मतदान केन्द्र के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 10 मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन के प्रस्ताव भी तैयार कर भिजवाए जा रहे हैं।

बैठक में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी झालावाड़ अभिषेक चारण, राजनैतिक दल इण्डियन नेशनल कांग्रेस से ओम पाठक, भारतीय जनता पार्टी से ओम जांगीड, आम आदमी पार्टी से राजेन्द्र श्रीवास्तव व महावीर गौड़ तथा बहुजन समाज पार्टी से मकसूद मंसूरी सहित निर्वाचन कार्यालय से नायब तहसीलदार कनीजा, अनवर आलम, जावेद खान आदि उपस्थित रहे।

# तम्बाकू सेवन के घातक परिणामों के प्रति जन-जागरुकता बेहद जरूरी : सी.एम.एच.ओ.

**बून्दी** (निसं)। तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 की 60 दिवसीय कार्य योजना के तहत बूंदी जिले में चिकित्सा विभाग की ओर से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि कैम्पेन के तहत जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर आमजन और युवाओं को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

डॉ. सामर ने बताया कि कार्य योजना के तहत जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर शैक्षिणक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त करने के लिए प्रतियोगिताओं के आयोजन सहित कई नवाचार करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बैठकों में तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत का प्रस्ताव तैयार करने की भी योजना बनाई गई है। इसके तहत प्रत्येक पंचायत में रोल मॉडल बनाए जाएंगे, जोकि आमजन को तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित करेंगे। डॉ. सामर ने बताया कि तंबाकू मे मौजूद 4 हजार प्रकार के जहरीले पदार्थ बनते है कैंसर का कारण बनते हैं। तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों की जागरूकता के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। इन्होंने बताया कि केम्पन के सफल संचालन के लिए समयब्ध और गुणवत्ता पूर्ण करने के लिए सभी के उतरदायित्व तय करने के साथ ही नाइन इण्डिकेटर की पालना भी अभियान के तहत की जाएगी तथा सभी विभागों का सहयोग लिया जायेगा।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने बैठक ली।

## उपखंड अधिकारियों को जन सुनवाई करने के निर्देश

**बून्दी** (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने सभी उपखंड अधिकारियों को प्रत्येक माह में चार दिवस ग्राम पंचायत स्तर का भ्रमण कर ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यालयों के निरीक्षण एवं जनसुनवाई आयोजित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार जन सूचना पोर्टल के माध्यम से सभी योजनाओं की जानकारी संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी आमजन को देना सुनिश्चित करेंगे। आदेशानुसार संबंधित पुलिस उप अधीक्षक, संबंधित विकास अधिकारी तथा अन्य सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भ्रमण के दौरान आवश्यक रूप से उपखंड अधिकारी के साथ मौजूद रहेंगे। सभी उपखंड अधिकारी प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार निरीक्षण, जनसुनवाई संबंधी रिपोर्ट सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड की जाकर सहायक निदेशक, लोक सेवाएं को भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## भारत विकास परिषद का डांडिया महोत्सव आयोजित

**छीपाबड़ौद** (निसं)। कस्बे में शीतल बगीची में सोमवार को शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा छीपाबडौद के द्वारा आयोजित डांडिया और गरबा महोत्सव आयोजित किया गया शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार योगी सचिव विकास सोनी ने बताया कि महिला प्रभारी नीलिमा गोयल,प्रीति योगी, हेमा गर्ग,अनीता गोयल, संगीता मित्तल, उमा सोनी,आशा गोयल,रेखा गोयल, नीतू गर्ग, संगीता काकानी, उमा सोनी, नीलिमा काकानी,चेतना नागर के द्वारा माता जी पूजा अर्चना कर डांडिया महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

महोत्सव में नवरात्रि से संबंधित कई प्रश्नों को उपस्थित सदस्यो से पूछा गया साथ ही सही जवाब देने वालो को तुरंत सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। महोत्सव के बीच बीच में खेल खेल में गरबा नृत्य करवाया गया जिसमे एक युगल के बीच गुब्बारा रखकर नाचना होता है जिसका गुब्बारा सबके लास्ट तक बचा रहता है उसे पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

परिषद सदस्यों ने परिवार सहित कार्यक्रम में भाग लिया। महिलाओं, बच्चों तथा पुरुषों ने गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन पर प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र नागर, कोषाध्यक्ष दीपक गोयल, शिविर प्रभारी अखिलेश गर्ग ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सिविल डिफेन्स टीम ने नदी में डूबी किशोरी का शव बाहर निकाला

**बूंदी** (निसं)। रायथल थाना क्षेत्र के देलूंदा गांव की नदी मे सोमवार दोपहर नहाते समय पैर फिसलने से डूबी किशोरी सुनीला का शव मंगलवार सुबह सिविल डिफेन्स टीम ने नदी से निकाल लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को नैनवां थाना क्षेत्र के सुंथली गांव निवासी सुरेश बैरवा सपरिवार देलूंदा गांव में सगस जी के मंदिर पर दर्शन करने आया था जहां सोमवार शाम को नहाते समय युवती सुनीता का पैर फिसल गया और युवती गहरे पानी मे चले जाने के कारण डूब गया। किशोरी के डूबने की सूचना पर रेस्क्यू शुरू किया गया पर अंधेरा होने के कारण बचाव कार्य बंद करना पडा।

मंगलवार सुबह सिविल डिफेन्स टीम के विशाल गोचर, धनपाल गुर्जर, लव शर्मा, बलराम सैनी, विकेश सालवी, नरेश सैनी, मो. सलीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर युवती के शव को नदी के गहन तल से बाहर निकाल लिया।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली

- 'संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करें'

**रावतभाटा,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रावतभाटा विनोद कुमार मल्होत्रा ने मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं बजट घोषणाओं, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं और डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों को शीघ्र पूरा करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों का फिजिकल वेरिफिकेशन करने, बारिश में क्षतिग्रस्त हु सडकों की मरम्मत करने, स्वीकृत खेल मैदानों के रुके कार्य शुरू करने, जले ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलने, भवन विहीन विद्यालयों में भवन निर्माण हेतु कार्यवाही करने, पेंशन योजना के लाभार्थियों का वेरिफिकेशन शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाडी केंद्रों, विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों को हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएम सूर्य योजना, कुसुम योजना आदि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।



अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में औषधि रखने तथा खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद को शहर में साफ-सफाई, अवैध अतिक्रमण हटाने एवं सडकों की मरम्मत के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता से विद्युत आपूर्ति, कटौती, ट्रांसफार्मर, कृषि कनेक्शन एवं पेंडिंग कनेक्शन के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने बैठक में रसद विभाग से राशन वितरण एवं खाद्य सुरक्षा, कृषि विभाग से खाद की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा विभाग, पशुपालन, महिला अधिकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आवश्यक रूप से राजकाज पर-फाइलिंग, पेंडिंग फाइलों का एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन आ गोट कर्मयोगी पोर्टल पर करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई और सामान्य व्यवस्था बेहतर रखने, वृक्षारोपण का जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में एसी ओ राकेश पुरोहित, एसीईओ विशाल सीपा, यूआईटी सचिव, कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह झाला, आयुक्त रविंद्र सिंह यादव, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता सुनीत कुमार, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सी.एफ.सी.एल. के सहयोग से सरकारी स्कूल के बच्चों ने लोगों को मुग्ध किया

**कोटा,** (निसं)। चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड गडेपान के द्वारा अनुरक्षित विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने शिक्षा नगरी कोटा में स्थित यूआईटी ऑडिटोरियम के रंगमंच पर समवर्तिका 8.0 वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में वीर पृथ्वीराज चौहान के जीवनवृत पर आधारित लघु नाटिका का जीवंत मंचन कर उपस्थित प्रबुद्धजनों एवं दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया।

कंपनी के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के 57 राजकीय विद्यालयों एवम 47 आंगनबाड़ियों के बच्चों ने संगठित, समन्वित, एकाकार होकर विविधता में एकता का दर्शन कराते हुए समवर्तिका 8.0 कार्यक्रम में पृथ्वीराज चौहान के व्यक्तित्व व जीवन मूल्य पर आधारित नाटक का मंचन किया तो ऑडिटोरियम में राष्ट्रभक्ति एवं जय भवानी के उद्घोष का प्रेरणादाई स्रोत करतल ध्वनि के रूप में बहता हुआ दिखाई दिया। हर प्रतिभागी में पृथ्वीराज चौहान एवम चंद्रवरदायी के सैन्य नेतृत्व, राष्ट्रीय व संस्कृति की रक्षा, सहिष्णुता, चरित्र निर्माण, नारी सम्मान का विजन प्रतिबिंबित हो रहा था। रंगमंच पर अभिनय करते हुए बच्चों का संवाद कौशल, अभिनय, नाटियकरण, हाव भाव देखकर लग रहा था मानो चंबल फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड गढ़ेपान अरण्य संस्कृति के उपवन से सुगंधित पुष्पों कलियों को एक माला में संजोकर मां शारदा को साथ लेकर शिक्षा नगरी को ज्ञान व कौशल की पूर्ण आवाज से रोशन व चमत्कृत करने के लिए आए हैं। इस तरह का मंचन बच्चों द्वारा पहली बार एक नाटक के रूप में किया।

57 विद्यालयों एव 47 आंगनबाड़ियों के लगभग 400 बच्चों द्वारा इन कार्योक्रमों में सहभाग किया। समवर्तिका 8.0 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजकंवर, संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग कोटा रही तथा उन्होंने कहा की सीएफसीएल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतिभा संवर्धन, कौशल उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयास अनुकरणीय व प्रशंसनीय है। विद्यार्थी व शिक्षक के रूप में हम पृथ्वीराज चौहान से सीख सकते हैं कि कठिन परिस्थितियों का उचित आंकलन कर कैसे निर्णय लिए जा सकते हैं। सीमित मानवीय और भौतिक संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर किस प्रकार अपने उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। बाल्यावस्था में महापुरुषों के आदर्श मानवीय मूल्यों से बालकों को संस्कारवान ऊर्जावान बनाकर भारत के बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे केवल संख्या नहीं है वह किसी किसी की सम्पूर्ण जिंदगी का एक सपना है, जिन्हें हम सभी राजकीय शिक्षकों को पूरा करना चाहिए। हर बालक दूध है किंतु कमी हमारे मथने में है कि हम उसको उचित तरीके से मथ कर मक्खन नहीं निकल पा रहे हैं।

संबोधित करते हुए कहा कि हमें आत्म अवलोकन करना होगा की जो कार्य सीएफसीएल एक माह में कर दिखाया वह हम क्यों नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालक को गुणवत्तापूर्ण जीवनोपयोगी शिक्षा सुलभ होनी चाहिए। सीएफसीएल अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत ग्रामीण विद्यालयों में भौतिक संसाधन मानवीय संसाधन उपलब्ध करा रही है जिसका सार्थक परिणाम गांव में दिखाई देने लगा है छात्रों में आत्मविश्वास सकारात्मक लक्ष्य को प्राप्त करने की उमंग बड़ी है। बच्चों व अभिभावकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की चम्बल के द्वारा बच्चों के लिए किये जा रहे इस तरह के प्रयास सराहनीय योग्य है तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के प्रयास होते रहना चाहिए। प्रयास करने से ही समाज मे बदलाव आता है। यह बच्चे हमारे देश का भविष्य है और जब तक इन बच्चों का सर्वांगीण विकास नही होगा तब तक देश का विकास अधुरा है।

सीएफसीएल इन बच्चों के व्यक्तित्व विकास में बेहतर सहयोग प्रदान कर रही है। साथ ही उन्होने कहा की सीएफसीएल के साथ-साथ अभिभावकों को भी बच्चों के विकास में सहयोग प्रदान करना चाहिऐं तथा अन्य संस्थानों को भी सीएफसीएल से प्रेरणा लेकर इस प्रकार से सामाजिक सरोकार के कार्यों में बच्चों के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके कम्पनी के वाईस प्रेसिडेंट उपेन्द्र राजनारायण सिंह ने कहा की चम्बल फर्टिलाईज़र्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड गढ़ेपान अपने आस-पास के अनुरक्षित किये गये सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए समय समय पर कई प्रकार के आयोजन करती रही है। जिससे बच्चों के अन्दर पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों के लिए भी रूचि बढ़ती है। सीएफसीएल विद्यालय स्तर पर खेल-कूद, चित्रकला, संगीत, बाल सभा आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहती है जिससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कम्पनी के विशाल माथुर ने सर्वप्रथम सीएसआर का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा उन्होने कहा की आज इन विद्यालयों के बच्चो को जिला व राज्य स्तर पर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। कम्पनी ने अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यक्रम का धीरे-धीरे विस्तार कर रही है। कम्पनी ने 1200 बच्चों के साथ अपने शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआज की थी आज इन बच्चों की सख्या 12000 के लगभग है। सीएफसीएल एवं केकेबीएमएस अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के अंर्तगत बच्चो के सर्वांगिण विकास हेतू प्रयासरत है।


कंपनी के सी एस आर हेड विकास भोले ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि तथा सभी आगन्तुकों को धन्यवाद अर्पित किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फ्रिडम हाउस जयपुर ओर राजुल एण्ड टीम, शिक्षकगण, केकेबीएमएस की टीम और सहयोगियों को धन्यवाद दिया। इस मोके पर उन्होंने कहा की सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए यह एक अनूठी पहल है जिसकों कम्पनी द्वारा पिछले 8 वर्षो से किया जा रहा है।

ऐसे कार्यक्रमों से इन बच्चों को नयी उर्जा मिलती है आने वाले समय में भी कम्पनी इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर करती रहेगी। सरकारी विद्यालयों के बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए सीएफसीएल समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती आयी है। समवर्तिका कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को एक बड़ा मंच मिला है जहां उन्हे अपनी प्रतिभा दिखाने का मोका मिला है। प्रस्तुति देने के बाद बच्चों की आंखों में खुशी के आंसु दिखायी दिये। 45 दिन के इस सफर के बाद आज इस समवर्तिका 8.0 कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें बच्चों को एक दुसरे से बिछड़ने का गम तो था वही दुसरी ओर अपने अभिभावकों तथा कोटा के गणमान्य नागरिकों के मध्य इस कार्यक्रम को करने की खुशी भी थी। कार्यक्रम में हरिशंकर नवार डिप्टी डायरेक्टर आईसीडीएस, अंजू जांगरीवाल सीबीईओ सुल्तानपुर, रामावतार मीना सीबीईओ सांगोद, के के शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कोटा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, शिक्षक, बच्चो के अभिभावक एवम भारी संख्या में बच्चे और अतिथि मौजूद थे तथा कम्पनी के सीएसआर में सहयोगी एनजीओं साथी भी उपस्थित रहे।

## कोटा में जिला स्तरीय समिट आज

**कोटा,** (निसं)। राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ एवं औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने एवं निवेशकों को राज्य में आकर्षित करने एवं रोजगार के अवसर सृजन करने के उद्देश्य से राज्य में 9 से 11 दिसंबर 2024 तक राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। इस क्रम में जिला स्तरीय समिट का आयोजन बुधवार, 9 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे बारां रोड़ स्थित होटल मेबल में किया जाएगा। इन्वेस्टर मीट के साथ ही जिले के ओ.डी.ओ.पी. उत्पाद (कोटा डोरिया) एवं कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी जिसमें क्रेता-विक्रेता एक ही मंच पर उपस्थित होकर उत्पादों के विपणन के विषय में वार्ता करेंगे तथा क्रेता-विक्रेता के लिए विषय विशेषज्ञ भी उत्पादों की बेहतर विपणन के संबंध में अपने विचार उद्यमियों के सामने रखेंगे। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा रीको के निरंतर प्रयासों से जिले में मंगलवार तक 100 औद्योगिक इकाईयों के साथ एम.ओ.यू. किए गए हैं। इससे जिले को लगभग 6 हजार 642 करोड़ रूपये की प्रस्तावित राशि का निवेश प्राप्त होगा एवं 11 हजार 382 व्यक्तियों के लिए रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध होंगे। प्रस्तावित एम.ओ.यू. मुख्यत: ग्रीन हाइड्रोजन, होटल, केमिकल, एग्रो प्रोसेसिंग, स्टोन, हेल्थ केयर, प्रिंटिंग एवं आई.टी. क्षेत्र से संबंधित हैं। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र को मैसर्स केएजी हाईड्रोवोल्ट एनर्जी एलएलपी, गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश द्वारा ग्रीन हाइड्रोज क्षेत्र में लगभग 4500 करोड़ रूपये की राशि के निवेश किए जाने का एम.ओ.यू. प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसके अंतर्गत जिले में 2000 व्यक्तियों को रोजगार मिलना संभावित है।

## प्रेम भाटिया जी को मण्डल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य बनाया गया



प्रेम भाटिया जी

**कोटा,** (निसं)। मण्डल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) द्वारा वर्ष 2024-26 तक के लिए भाटिया एण्ड कम्पनी के निदेशक एवं समाजसेवी प्रेम भाटिया जी को मण्डल रेल उपयोगकर्ता सलाहाकर समिति कोटा का सदस्य बनाया। रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल वाणिजय प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे कोटा द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान कर उन्हें बधाई एव शुभकामनाए प्रदान की। प्रेम भाटिया ने आश्वासन दिया कि समिति मे इस पद की गरिमा बनाते हुये समिति को उत्तरोतर प्रगति की ओर अग्रसर करेंगे।

## जिला चैंपियनशिप में टाइगर का शानदार प्रदर्शन

**कोटा,** (निसं)। के टाईगर ने हाल ही में संपन्न हुई जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूमसे और क्योरोगी दोनों श्रेणियों में कई स्वर्ण, रजत, और कांस्य पदक अपने नाम किए।

कोच आकांक्षा गौतम के कुशल नेतृत्व में टीम ने अपना दबदबा कायम किया और जिले में अपनी उत्कृष्टता साबित की। आर्यन मिश्रा, निशिका गौतम, व्योम गौतम, वैनवी बैरवा, इशिता मीना, वंशिका माहेश्वरी, द्युति माहेश्वरी, अयान शर्मा, रयान मिश्रा ने पूमसे मैं स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसी तरीके से क्योरोगी श्रेणी में निशिका गौतम, भाव्यांशी ने स्वर्ण पदक, अनुशा सोनी, मेहान मालव, स्वास्ति, नितीषा ने रजत पदक और कुशला ने कांस्य पदक हासिल किया है।

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2024-25/100793 दिनांक: 08/10/2024

**लोक सूचना**

श्री GIRIRAJ PRASAD MEENA पुत्र श्री GOPICHAND MEENA जाति MEENA निवासी SARKARI SCHOOL KE PICHE, GYAN SAROVAR COLONY RAWATBHATA ROAD, NAYAGAON, ENGINEERING COLLEGE KOTA, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीन्ता, तालेड़ा (बूंदी) | GIRIRAJ PRASAD S/O GOPICHAND HISSA PURNA SARKARI SCHOOL KE PICHE, GYAN SAROVAR COLONY RAWATBHATA ROAD, NAYAGAON, ENGINEERING COLLEGE KOTA, | 1285/860 | 4880 | 0.488 |
| | | | | कुल | 0.488 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 08-10-2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

## दिव्यांग जन कल्याण शिविर आज से

**कोटा,** (निसं)। यू.डी.आई.डी. योजनान्तर्गत जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालयों पर दिव्यांग जन कल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि निदेशालय विशेष योग्यजन, राज. जयपुर द्वारा संचालित यू.डी.आई.डी. योजनान्तर्गत जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालयों पर दिव्यांगजन कल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिसके तहत इटावा पंचायत समिति मुख्यालय पर बुधवार, 9 अक्टूबर को दिव्यांगजन कल्याणार्थ शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों को यू.डी.आ.ई.डी. कार्ड, जारी करने एवं पूर्व में स्वावलम्बन पोर्टल पर आवेदित आवेदन पत्रों के प्रमाणीकरण कर यू.डी.आ.ई.डी. कार्ड एवं डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र, जारी किए जाएंगे। साथ ही, छात्रवृति, दिव्यांग पेंशन, बस पास, एवं अन्य विभागीय के आवेदन तैयार करवाकर उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकेगा।

# कोचिंग स्टूडेंटों के कोटा में आने का क्रम निरंतर जारी रहे, इसके लिए मंथन किया

■ नागरिक मंच की ओर से कोटा के विकास को लेकर विचार-विमर्श किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में कोचिंग स्टूडेंटों के कोटा में आने का क्रम निरंतर जारी रहे, इसके लिए मंथन जरूरी है, हमारा सकारात्मक रुझान जरूरी है, हमें एक बार फिर से पुरजोर तरह से इस दिशा में काम करना जरूरी है, किसी भी सेक्टर में हम आगे बढ़े लेकिन कोचिंग हमारी लाईफ लाइन है, हमारा भविष्य है, हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य है, इसके लिए एक बार फिर से हम सभी को साथ खड़े' होकर इस दिशा में काम करना होगा तभी हम बचेंगे और कोटा को बचा सकेंगे।

रोटरी बिनानी सभागार में मंगलवार को नागरिक मंच की और से मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने अपने विचार रखे और आ रही कमियों को दूर करने के लिए अपने सुझाव दिऐं। मंच के अध्यक्ष नरेश जैन ने अवगत कराया कि सालों से कोटा में लोग कोचिंग पर निर्भर रहे हैं और आज भी हैं, इस समय जो माहौल बन रहा है उसे दूर करने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

हम सभी के प्रयास होंगे तो हम एक बार फिर से सिरमोर बनेंगे। जो भी समस्याएं आ रही है उन्हें हम सब मिलकर दूर करेंगे। नरेश जैन ने कहा कि स्टूडेंट कोटा में आएंगे तो इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे और कोटा का भविष्य सुरक्षित होगा। इस अवसर पर कई लोगों ने अपने सुझाव दिए, किसी ने अपने कडवे अनुभव सांझा किए तो किसी ने वर्तमान में कैसे स्टूडेंट की संख्या को बढाया जा सकता है इस पर अपनी बात रखी।

कोटा में ड़ेढ़ साल के अंतराल में ऐसा वातावरण बना जिससे कोटा कोचिंग पर सुसाईड के नाम पर कोटा कोचिंग को बरबाद करने का प्रयास किया। जबकि कोटा में पढ़ाई की क्वालिटी में कोई गिरावट आई और ना कोई कमी हुई। कोटा शहर में कोचिंगों संस्थानों के माध्यम से बाहर से आने वाले छात्रों का कोटा में काफी पैसा आया और यहां की इकोनोमी डवलप हुई। आज कोटा का हर व्यक्ति डाइरेक्ट इनडाइरेक्ट रूप से कोटा से जुड़ा हुआ है। 70 प्रतिशत इकोनोमी कोचिंग पर निर्भर है।

यहां पर जब छात्र स्टेशन पर उतरता है तो ऑटो रिक्शा, हॉस्टल, खाने वाले, हॉस्टल पर कार्य करने वाले सब व्यवसाय से इसके बाद कोचिंग में फीस जमा करना और वह पैसा कोटा की अर्थव्यवस्था में घूमता है।

कोटा कोचिंग की शिक्षा नगरी की पहचान बनाने में भी मीडिया का अहम योगदान रहा। अगर सभी मिलकर एकसूत्र में कार्य करेंगे तो वापस कोटा को उचाईयां दे सकते है। यही हमारी मानवीयता के अनुसार जिम्मदोरी है। कोटा में आज कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों पर सरकार का पूरा ध्यान है और कोई केस होता है तो पुलिस उसकी कार्यवाही करती है दोषी को सजा देती है।

जब सभी कार्य कर रहे हैं तो हम मीडिया के माध्यम से हम गलत गतिविधियों को रोक उससे गलत वातावरण नहीं बनेगा और यह हमें करना चाहिये। हम सभी संकल्पित होकर सार्थक प्रयास करेंगे तो कोटा की छवि को कोई धुमिल नहीं कर सकता।

## कन्या पूजन के साथ भंडारा आयोजित

**कोटा,** (निसं)। वूमेंस सेल्फ मोटिवेशन क्लब प्रेरणा के सभी सदस्यों के सहयोग और प्रयासों से कैनाल रोड़ स्थित नाग-नागिन मंदिर पर नवरात्रों के उपलक्ष में माता रानी के भंडारे आयोजन किया। कार्यक्रम का संयोजन क्लब अध्यक्ष विनीता शर्मा, सलाहकार मधु शर्मा व मंजू देवलिया ने किया। भंडारे का शुभारंभ भगवान को भोग लगा दुर्गा चालीसा और हनुमान चालीसा का पाठ तथा कीर्तन कर किया गया। अतिथियों कल्पना शर्मा, नीता डांगी द्वारा कन्या पूजन कर कन्याओं, लांगुरों को भोजन करवा कर भेंट प्रदान की अतिथि सुमन भंडारी व रमा शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रही। क्लब फाउंडर उमा पाठक ने बताया कि भंडारे में लगभग 1000 श्रद्धालुओं, राहगीरों के साथ अन्य जिलों से आए हुए करीब 100 खिलाड़ी विद्यार्थियों ने भी प्रसादी ग्रहण की।

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1302 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-7.10.24

नगर विकास न्यास कोटा की योजना गणेश नगर आवासीय का भूखंड/आवास संख्या 134 श्री गोकुल प्रसाद अरोडा पुत्र श्री बालचंद अरोडा को आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 11.08.1994 के द्वारा आवंटन/हस्तान्तरण किया गया था। आवंटी श्री गोकुल प्रसाद अरोडा की मृत्यु दिनांक 28.05.2011 को हो चुकी है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में श्री गिरिराज प्रसाद अरोडा के नाम पंजीकृत वसीयत निष्पादित कर रखी थी। मृत्यु उपरांत आवंटी के वसीयत हकदार श्री गिरिराज प्रसाद अरोडा पुत्र स्व. श्री गोकुल प्रसाद अरोडा द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा, वारिसान शपथ पत्र, गवाह शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा द्वारा चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 134 योजना गणेश नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री गिरिराज प्रसाद अरोडा पुत्र स्व. श्री गोकुल प्रसाद अरोडा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1390 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-8.10.24

नगर विकास न्यास कोटा की केशवपुरा-7 आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 85 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 06.11.1984 को श्री अशोक कुमार अग्रवाल पुत्र श्री पुष्प चंद गुप्ता को आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती नीता जैसवानी पत्नी श्री हासानंद जैसवानी द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.09.2022 को श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री हरिबल्लभ नामा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 85 योजना केशवपुरा-7 आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री हरिबल्लभ नामा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

## स्व. ईश्वर सेन के परिवार को 2.38 लाख की सहायता राशि भेंट की

**कोटा,** (निसं)। विगत 23 सितंबर को जगपुरा के पास सड़क हादसे मे कोटा हेड क्वार्टर पर भारत सीरम कंपनी मे कार्यरत दवा प्रतिनिधि ईश्वर सेन, उसकी माँ व 18 माह के पुत्र को ट्रोले द्वारा पीछे से टक्कर मार दिये जाने के कारण सड़क हादसे मे निधन हो गया था। उक्त जानकारी देते हुए यूनियन के कोषाध्यक्ष अमित घाटिया ने बताया कि परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए राजस्थान मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्ज़ यूनियन कोटा इकाई के बेनर तले दवा एवं सेल्स प्रतिनिधियों एवं शुभ चिंतकों से आर्थिक सहयोग हेतु अभियान चलाया गया। इसके तहत मंगलवार को राजस्थान मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्ज़ यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गालव के नेत्रत्व में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष जैन, ब्रांच लीडर राजेश मौरानी, दीपक श्रॉफ, अरविंद शर्म व विशाल पोरवॉल ने दो लाख अड़तीस हजार रुपयें का चेक दिवंगत ईश्वर सेन के छोटे भाई चेतन सेन को सौंपा। कलेक्शन अभियान मे राजेश मौरानी, अरविंद शर्मा व अन्य युवा मित्रजनों का विशेष योगदान रहा। इसी के तहत कोटा हेड क्वार्टर पर कार्यरत दवा कंपनियों के प्रबंधक वर्ग ने भी मानवीय मूल्यों का शानदार उदाहरण पेश कर मनोज चतुर्वेदी, कपिल वासवानी व अजय प्रताप सिंह हाड़ा की अगुवाई मे एक लाख रुपयें का चेक पीड़ित परिवार को दिया। इसके अलावा भी राजस्थान मेडिकल एवम सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्ज़ यूनियन ने अपने समस्त सदस्यों के लिए दो लाख रुपयें का सामूहिक दुर्घटना बीमा भी करवा रखा है।

## स्वनिधि से समृद्धि शिविर शुरू

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के प्रशासनिक भवन में स्वनिधि से समृद्धि तीन दिवसीय शिविर का मंगलवार को शुभारंभ हुआ।

शिविर मे 56 लाभार्थियों के परिवारों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइलिंग की गई और स्ट्रीट वेंडर्स को डिजिटल लेन-देन का प्रशिक्षण दिया गया व लोन प्राप्त करने में सहायता प्रदान की। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के 56 लाभार्थियों को ऋण मिलने के बाद उनकी व उनके परिवारों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइलिंग कर पोर्टल पर ऑनलाइन की गई। जिससे कि लाभार्थियों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। डे-एनयूएलएम के प्रबंधक संदीप जोशी ने बताया कि 62 स्ट्रीट वेंडर्स को शिविर में डिजिटल लेन-देन का प्रशिक्षण भी प्रदान किया। साथ ही उन्होंने बताया कि 12 स्ट्रीट वेंडर्स को विभिन्न बैंको द्वारा लोन मिलने में आ रही समस्याओं का समाधान बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया और उन्हे ऋण प्राप्त करने में सहायता की गई। योजना के प्रबंधक जोशी ने बताया कि शिविर 09 व 10 अक्टूबर को भी यथावत संचालित रहेंगे और शिविर में 10 हजार रूपये ऋण के नये आवेदन नि:शुल्क भरवाए जाएंगे।

## डांडिया में गुजराती और राजस्थानी परम्परा का संगम

**कोटा,** (निसं)। अग्रसेन जयंती समारोह 2024 के तहत अग्रवाल समाज सेवा संस्था विज्ञान नगर की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष सुनील गर्ग एवं महासचिव सुरेश अग्रवाल ने बताया कि आस्था युवा मंच एवं माधवी मंच द्वारा गरबा रास का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मातारानी के भजनों की बयार देर रात तक चल रही है, जिस पर समाज के युवा और बच्चे थिरकते रहे और डांडिया खनका रहे हैं। इस दौरान गरबा महोत्सव के तहत समाज के लोगों ने जहां गुजराती ड्रेस कोड पर गरबा किया तो राजस्थानी परम्परागत ड्रेस भी लोगों को काफी आकर्षित कर रही थी। दोनो ही परम्पराओं के संगम के बीच डांडिया का आनंद लिया गया। गरबा शुरू होने से पूर्व सुनील गर्ग सहित समाज के प्रबुद्धजनों ने मातारानी की आरती की और कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1391 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-8.10.24

नगर विकास न्यास कोटा की बसंत बिहार आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 1157-ए का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 27.05.2006 को श्री सुमत कुमार गोयल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गोयल को आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी श्री बिरधी चन्द गुप्ता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.10.2010 को श्री दीपक कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रामजी लाल अग्रवाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1157-ए योजना बसंत बिहार आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री दीपक कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रामजी लाल अग्रवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2024/7180 **लोक सूचना** दिनांक:-07.10.24

श्री प्रेमशंकर शर्मा पुत्र श्री नन्दलाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी पुराना हॉस्पिटल के पास श्री जी मन्दिर के पीछे बारां जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय योजना) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | आवेदित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | सुसावन | 1243/313 रकबा 1.07 है.<br>1256/318 रकबा 0.4616 है.<br>1264/1249 रकबा 0.6496 है.<br>कुल किता 3 कुल रकबा 2.1812 है. | में से 0.8788<br>0.4616 है.<br>0.6496 है.<br>कुल रकबा 1.99 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

# अपूर्व उत्साह, अद्भुत उल्लास, राम के विवाह में कोटावासी बाराती बने

■ राम बारात का पग-पग पर भव्य स्वागत, लोक संस्कृति की छटा बिखरी



कोटा में राम बारात का आस्था के साथ स्वागत हुआ।

**कोटा,** (निसं)। 131वें राष्ट्रीय दशहरा मेले के तहत मंगलवार को आयोजित राम बारात में अपूर्व उत्साह और अद्भुत उल्लास दिखाई दिया। प्रभु श्रीराम और माता जानकी के विवाह में जैसे पूरा कोटा बाराती बना। कहीं पुष्पवर्षा तो कहीं आतिशबाजी, एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाते लोग, लोक संस्कृति के रंगों में रंगी मनोहारी झांकियों और लोक नृत्य, पूरा नजारा अलौकिक और हतप्रभ कर देने वाला रहा।

गीता भवन से श्रीराम रंगमंच तक के करीब पांच किलोमीटर तक के मार्ग पर राम बारात का पग-पग पर स्वागत हुआ। राम बारात के प्रति आमजन के अपार हर्ष का अंदाजा गीता भवन में उमड़े श्रद्धालुओं को देखकर लगाया जा सकता था। शहर के प्रबुद्धजन से लेकर आमजन तक प्रारंभ से ही राम बारात का भाग बनने के लिए आतुर दिखाई दे रहा था। गीता भवन में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, नगर निगम कोटा दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव, मेला अधिकारी जवाहरलाल जैन, अतिरिक्त मेला अधिकारी महेशचंद गोयल, मेला प्रभारी महावीर सिंह सिसोदिया, मेला समिति सदस्यों ने श्रीराम परिवार और मुनियों के प्रतिरूप का पूजन आरती कर शोभायात्रा को रवाना किया। रामबारात ने जैसे ही वाल्मीकि बस्ती में प्रवेश किया, नजारा पूरी तरह बदल गया। जयश्री राम के गूंजते जयकारों से पूरा माहौल गुंजायमान हो गया।

घोड़े पर सवार महिलाओं के नेतृत्व में निकल रही राम बारात में डांडिया और गरबा की प्रस्तुतियां, कालबेलिया नृत्य करती महिलाएं, स्वांग रचाते लोक कलाकार सबका मन मोह रहे थे। शोभायात्रा मार्ग रोशनी से जगमगा रहा था और जानकी को ब्याहने के लिए निकले प्रभु श्रीराम की एक झलक पाने को आतुर सड़कों के साथ छत की मुडेरों पर भी अपनी जगह छोड़ने को तैयार नहीं था। गजराज के साथ बैण्ड वादक दल मन दर्पण कहलाए... रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी.., जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम....सरीखे भजनों से माहौल को भक्तिमय बना रहे थे। सधे हुए अंदाज में घूमर व चकरी करती नृत्यांगनाएं कला संस्कृति की छाप छोड़ रही थी। शोभायात्रा में घोड़ा बग्घी, हाथी, ऊँटगाड़ी थीं। बग्घी में प्रभु श्री राम, भ्राता लक्ष्मण, मुनि विश्वामित्र समेत अनेक झांकियां मौजूद थीं। होली चेक पंजाबी अखाड़े 'गतका' की प्रस्तुति देते पटेबाज चल रहे थे।

विभीषण बने राजाराम कर्मयोगी हाथ लहराते चल रहे थे। राम बारात गीता भवन से प्रारंभ होकर वाल्मीकि बस्ती, सब्जीमंडी, सुंदर धर्मशाला, श्रीपुरा, लाल बुर्ज, कैथूनीपोल थाने के सामने, टिपटा, गढ़ पैलेस, किशोरपुरा दरवाजा होते हुए दशहरा मैदान पहुंची। जहां भगवान राम का विवाह जनक दुलारी सीता के संग हुआ।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम गजेन्द्र सिंह कुमावत से बदलकर नया नाम गजेन्द्र कुमावत रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-गजेन्द्र कुमावत पुत्र महेन्द्र कुमावत 303 समृद्धि नगर विस्तार मानपुरा कोटा

### पश्चिम मध्य रेल

सिगनल एवं दूरसंचार विभाग

कोटा मंडल ▪ निविदा सूचना

**शुध्दिपत्र**

निविदा सूचना सं. KOTA/SNT/SIG/2024/10 की शुध्दिपत्र सं. 1 निम्न टेण्डर जो निविदा सं. KOTA/SNT/SIG/2024/10 दिनांक 21.09.2024 के अंतर्गत आमंत्रित किया गया था अब प्रशासनिक कारणों से इनके खुलने की तिथि में परिवर्तन किया गया है जो की इस प्रकार है। टेन्डर सं.: कोटा/एसएण्डटी/सिग./2024/10. कार्य का नाम: ऑगमेंटेशन एण्ड इन्हांसिंग सेफ्टी बाए रिप्लेसमेंट ऑफ आईआरएस इलेक्ट्रिक पॉइन्ट मशीन ऑफ ओल्ड स्पेसिफिकेशन विथ लास्ट स्पेसिफिकेशंस। पुरानी तारीख एवं समय: दिनांक 18.10.2024 को 15.00 बजे तक। परिवर्तित तारीख एवं समय: दिनांक 23.10.2024 को 15.00 बजे तक। (टेन्डर सं.: Kota/SNT/SIG/2024/10), दिनांक 03.10.2024

*वरि. मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी. (समन्वय), पश्चिम मध्य रेल, कोटा*

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### Office of the Medical Officer Incharge, Govt. Hospital Chhabra Dist. Baran (Raj.)

Sr. No.: Open Tender/2024/ 438 Date : 08.10.24

**Notice Inviting Bid**

Bids for Job Basis Manpower Services are invited from interested bidders upto 02.00 pm on 17/10/2024. And Open date is 18.10.2024 at 02.00 pm. Other perticulars of the of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state.

Nib No. :- MHS2425A2385

UBN No. :- MHS2425SLOB03407

(Dr. Hariom Goyal)
Medical Officer Incharge
& Member Secretary RMRS
Chhabra Distt.-Baran (Raj.)

